मीडिया विज्ञप्ति

ईडीआईआई से प्रशिक्षित 'हस्त कला सेतु' वस्त्र कारीगरों ने मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर पेश किया एक शानदार फैशन शो

अहमदाबाद, 3 मार्च, 2024: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) से प्रशिक्षित 'हस्त कला सेतु' कारीगरों ने रविवार को आयोजित एक शानदार फैशन शो में पारंपरिक भारतीय कला की शाश्वत सुंदरता और शीर्ष डिजाइनरों के नए अंदाज को एक साथ पेश किया। यह कार्यक्रम गुजरात सरकार के कुटीर और ग्रामीण उद्योग विभाग द्वारा समर्थित एक अग्रणी पहल 'हस्त कला सेतु' द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी 'रंग सूत' का हिस्सा था।

तीन दिवसीय कार्यक्रम का केंद्रबिंदु 'आर्टिस्ट्री अनवील्ड' फैशन शो रहा जिसके लिए कारीगरों ने मशहूर भारतीय फैशन डिजाइनरों के साथ मिलकर परिधानों का एक विविध संग्रह तैयार किया, जिसमें सुदंरता के आधुनिक नजरिए के साथ पारंपरिक कौशल का सहजता से मेल करवाया गया था।

तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार, 1 मार्च को किया। इस दौरान एक बी2बी नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित में 40 प्रतिभागी कारीगरों ने विचारों का आदान-प्रदान करने और नई साझेदारी बनाने के लिए उद्योग के लीडर और उद्यमियों के साथ इसमें हिस्सा लिया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सूफ-वर्क, पटोला, बंधनी, ब्लेक कॉटन, कच्छी कढ़ाई, बीडवर्क, भदोही गलीचे, पैठनी, बनारसी सिल्क, भागलपुर सिल्क, ब्रोकेड्स, पश्मीना, एप्लिक वर्क, कन्नौज से अतर और गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कश्मीर और आंध्र प्रदेश से अजरख जैसे वस्त्रों के 30 से अधिक विशिष्ट वस्त्र शैलियों को प्रदर्शित करने वाले एक जीवंत बाजार के अवसरों के बारे में जानकारी मिली।

अनुज शर्मा, पूर्वी जोशी, अरशना मंधवानी, रुतुजा शाह, चिनार फारूकी, कृष्णा पटेल, अर्पित अग्रवाल और निशिगंधा खलाडकर सहित प्रसिद्ध डिजाइनरों ने शो में अपने हुनर से पारंपरिक बुनाई और कपड़ों को आज के दौर की कला के नमूने में बदल दिया।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कारीगरों और डिजाइनरों के बीच सहयोग के बारे में बोलते हुए कहा, 'आज के कार्यक्रम में पेश समकालीन डिजाइन के साथ पारंपरिक शिल्प कौशल का मिश्रण हमारे कारीगरों की लचीलापन और रचनात्मकता का प्रमाण है। उन्हें आवश्यक कौशल और सहायता प्रदान करके, हम न केवल अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं बल्कि आर्थिक समृद्धि के लिए नए रास्ते भी बना रहे हैं। ईडीआईआई और कॉटेज इंडस्ट्रीज कमिश्नरेट के बीच यह साझेदारी गुजरात के कारीगर समुदायों के लिए एक जीवंत और टिकाऊ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक कदम है।'

2020 में लॉन्च की गई हस्तकला सेतु योजना ने 33,800 से अधिक कारीगरों को व्यावहारिक कौशल और बाजार में उतरने के बारे में जागरूक किया है और 21,000 से अधिक कारीगरों ने गुजरात के 33 जिलों में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। गुजरात सरकार के कुटीर उद्योग आयुक्तालय के एक प्रमुख भागीदार के रूप में ईडीआईआई राज्य में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices. It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

For more information, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987